# प्रेस नोट थाना जलालाबाद

## शाहजहाँपुर पुलिस

**सराहनीय कार्य दिनांक – 24/07/2026**

## थाना जलालाबाद पुलिस द्वारा विशिष्ट जनप्रतिनिधि के सुरक्षा काफिले को बाधित करने, सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध करने एवं सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के प्रकरण में मुख्य अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक, शाहजहाँपुर महोदय के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना जलालाबाद के कुशल नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना जलालाबाद पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरण –**

दिनांक 22.07.2026 को विशिष्ट जनप्रतिनिधि महोदय के जलालाबाद कार्यक्रम के उपरान्त उनके जलालाबाद से मिर्जापुर प्रस्थान के दौरान कोला मोड़ तिराहे से लगभग 50 मीटर आगे मिर्जापुर मार्ग पर कुछ व्यक्तियों द्वारा एकराय होकर सुनियोजित ढंग से विशिष्ट जनप्रतिनिधि महोदय के सुरक्षा काफिले को रोकने का प्रयास किया गया तथा काले झण्डे प्रदर्शित करते हुए उत्तेजक नारेबाजी कर सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध किया गया। उक्त कृत्य से विशिष्ट जनप्रतिनिधि महोदय की सुरक्षा व्यवस्था एवं शासकीय दायित्वों के निर्वहन में व्यवधान उत्पन्न हुआ। घटना के दौरान कोला मोड़ तिराहे पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल द्वारा संबंधित व्यक्तियों को रोकने एवं स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किए जाने पर उनके द्वारा विरोध करते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। उक्त घटना के संबंध में उपनिरीक्षक रीगल चौधरी द्वारा थाना जलालाबाद पर प्रस्तुत लिखित तहरीर के आधार पर मु०अ०सं० 351/2026, धारा 191(2), 121(1), 126(2), 132, 352, 61(1) बी.एन.एस. बनाम तौसीफ हुसैन आदि 04 नामजद एवं 04-05 अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध दिनांक 22.07.2026 को अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण की विवेचना वरिष्ठ उपनिरीक्षक सकतावत सिंह द्वारा संपादित की जा रही है। विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों, मैनुअल इंटेलिजेंस, वीडियो फुटेज एवं सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के आधार पर घटना में संलिप्त प्रमुख अभियुक्तों की पहचान सुनिश्चित की गई। इसी क्रम में प्रमुख अभियुक्त तौसीफ हुसैन पुत्र इकराम हुसैन निवासी मकान संख्या-159, ग्राम रावतपुर, थाना कांट, जनपद शाहजहाँपुर को मुखबिर की सूचना पर दिनांक 23.07.2026 को रात्रि 23:50 बजे ग्राम इकनौरा, थाना कांट क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रकरण में नामजद एवं अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं तथा प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

तौसीफ हुसैन पुत्र इकराम हुसैन उम्र करीब 36 वर्ष निवासी मकान नं0 159 ग्राम रावतपुर थाना कांट जिला शाहजहाँपुर ।

**पंजीकृत अभियोग-**

मु0अ0स0 351/26 धारा 191(2)/121(1)/126(2)/132/352/61(1) बी.एन.एस थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर ।

## अपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0स0 325/23 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधि0 थाना कांट जिला शाहजहाँपुर।
2. मु0अ0स0 351/26 धारा 191(2)/121(1)/126(2)/132/352/61(1) बी.एन.एस

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण –

1. निरीक्षक अपराध रवि शंकर यादव थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर।
2. व0उ0नि0 सकतावत सिंह थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर।
3. रि0का0 देवेन्द्र कुमार थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर।
4. रि0का0 अमित कुमार थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर।